दैनिक प्रकाशन के 40 साल सफ़र बेमिसाल

# चिंगारी

संस्थापक: बाबू सिंह चौहान

भली लगे या बुरी.. बात कहे खरी

बिजनौर : शुक्रवार, 31 अक्टूबर, 2025

अंक- 07 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 10

सच का साथी, झूठ पे भारी

अख़बार हमारा चिंगारी...परिवार हमारा चिंगारी

जन जन की आवाज़, जिस पर सबको नाज़

इसका सबसे अलग अंदाज़, करती दिलों पर राज

बिजनौर की पहचान, पत्रकारिता की जान

रखे सबका ध्यान, सर्वोपरि हिन्दुस्तान

लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की

40वीं वर्षगांठ

पर समस्त पाठकों एवं

चिंगारी परिवार को

हार्दिक शुभकामनाएं

एवं बधाई।



एश्वर्य मौसम चौधरी

(मौसम भैया)

एडवोकेट

भाजपा नेता, बिजनौर

हमारा मिशन- नर सेवा नारायण सेवा

## कोआपरेटिव सोसायटी, सिसौना
## जनपद-बिजनौर

की ओर से

लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की
**40वीं वर्षगांठ पर**
समस्त जनपदवासियों को
**हार्दिक शुभकामनाएं**



**गौरव राठी**
प्रबंध निदेशक


**विशाल ढाका**
सभापति
उम्मीदवार जिला पंचायत
सदस्य जलीलपुर प्रथम



सच का साथी, झूठ पे भारी
अख़बार हमारा चिंगारी.. परिवार हमारा चिंगारी

जन-जन के प्रिय चिंगारी सांध्य दैनिक
**की 40वीं वर्षगांठ**
पर समस्त पाठकों को
**हार्दिक शुभकामनाएं**

**ठा. जसवंत सिंह**
मुख्य संरक्षक
वरिष्ठ नागरिक समिति
बिजनौर



निवास- जे.सी. हाउस,
जजी चौक, बिजनौर



लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की
**40वीं वर्षगांठ**
पर समस्त जनपदवासियों को
**हार्दिक शुभकामनाएं**

**डॉ. रचना पाल**




पूर्व सदस्य,
अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
(उत्तर प्रदेश)



गरीबों, मजदूरों, मजलूमों, शोषितों व पीड़ितों की आवाज
**सांध्य दैनिक चिंगारी**
**की 40वीं वर्षगांठ**
पर समस्त पाठकों, संपादक मण्डल
व संवादाताओं को
**हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं**

**महावीर सिंह**
पूर्व अध्यक्ष



राष्ट्रीय लोकदल
जनपद-बिजनौर



बिजनौर जनपद के सर्वाधिक लोकप्रिय अख़बार
**चिंगारी सांध्य दैनिक की 40वीं वर्षगांठ**
पर समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं

**प्रो. प्रीति खन्ना**
प्राचार्या- वर्धमान महाविद्यालय बिजनौर

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 31 अक्टूबर, 2025

www.dainikchingari.com

# उत्साहपूर्वक याद किये गये 'लौहपुरुष'

## स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पीएम मोदी ने की पुष्पांजलि अर्पित

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती देशभर में उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में नर्मदा जिले के केवड़िया के एकता नगर में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित की। पूरे देश में एकता दौड़ का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह सरदार वल्लभभाई पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की और एकता दिवस की शपथ दिलायी और एकता दिवस परेड का अवलोकन किया तथा भारतीय वायु सेना की सूर्यकिरण टीम ने भव्य एयरशो आयोजित किया। परेड में बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी के साथ-साथ विभिन्न राज्य पुलिस बलों की टुकड़ियां शामिल थीं। इस वर्ष के मुख्य आकर्षणों में



विशेष रूप से रामपुर हाउंड और मुधोल हाउंड जैसे भारतीय नस्ल के स्वानों से युक्त बीएसएफ का मार्चिंग दस्ता, गुजरात पुलिस का घुड़सवार दस्ता, असम पुलिस का मोटरसाइकिल डेयरडेविल शो और बीएसएफ का ऊंट दस्ता तथा ऊंट पर सवार बैंड शामिल रहे।

परेड में सीआरपीएफ के पांच शौर्य चक्र विजेताओं और बीएसएफ के सोलह वीरता पदक विजेताओं को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने झारखंड में नक्सल-विरोधी अभियानों और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद-रोधी अभियानों में असाधारण साहस का परिचय दिया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीएसएफ कर्मियों को उनकी वीरता के लिए सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस परेड में एनएसजी, एनडीआरएफ, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, अंडमान- निकोबार द्वीप समूह, मणिपुर, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और पुडुचेरी की दस झांकियां शामिल थीं, जो 'अनेकता में एकता' विषय पर आधारित थीं। 900 कलाकारों द्वारा प्रस्तुत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति की समृद्धि और विविधता को दर्शाते हुए भारत के शास्त्रीय नृत्यों का प्रदर्शन किया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का विशेष महत्व है क्योंकि राष्ट्र सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मना रहा है।

## दिगम्बर के प्रयासों से ब्लैक लिस्ट हुआ गुप्ता मशीनरी स्टोर

बिजनौर (चिंगारी)। कृषि यंत्रों में किसानों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोपी गुप्ता मशीनरी स्टोर को कृषि विभाग द्वारा ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के नेता चौ. दिगम्बर सिंह ने गुप्ता मशीनरी स्टोर द्वारा किसानों के साथ धोखाधड़ी करने के खिलाफ आवाज उठाई थी। उन्होंने गुप्ता मशीनरी स्टोर का घेराव करते हुए जबर्दस्त प्रदर्शन किया था। जिला प्रशासन ने चौ. दिगम्बर सिंह से गुप्ता मशीनरी स्टोर के खिलाफ पर्याप्त सबूत मांगे थे। उनके द्वारा सबूत उपलब्ध कराने पर कृषि विभाग द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट को जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कृषि विभाग उत्तर प्रदेश को भेज दिया था। कृषि निदेशक के निर्देश पर संयुक्त कृषि निदेशक अभियंत्रण नरेंद्र कुमार ने गुप्ता मशीनरी स्टोर को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। 30 अक्टूबर 2025 के बाद खरीदे गये किसी भी कृषि यंत्र पर सब्सिडी नहीं मिलेगी।

## 5 वर्ष की बच्ची की बलि देने वाले 4 अपराधियों को आजीवन कारावास, तांत्रिक अभी भी फरार

**बिजनौर (चिंगारी)।** डीजीसी (क्रिमिनल) वरुण राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिला जज संजय कुमार ने 5 साल की बच्ची की बलि देने वाले 4 अपराधियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। डीजीसी वरुण राजपूत के अनुसार धामपुर थाना क्षेत्र के गांव पाडलीमांडू निवासी करमवीर ने धामपुर थाने में 05 अक्टूबर 2017 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें उसने अपने ही गांव निवासी हरपाल और उसकी पत्नी कुलवती बेटी शिवानी और हरपाल के चचेरे भाई राकेश पर अपनी 5 वर्षीय बच्ची राखी की अमावस्या की रात जंगल में ले जाकर बलि देने का आरोप लगाया था। अब 8 साल बाद सभी आरोपों को सही पाया गया और जिला जज संजय कुमार ने फैसला सुनाते हुए 4 अपराधियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है जबकि अपराधी सिपाहियों वाला निवासी रामकुमार नाम का तांत्रिक अभी भी फरार है जिसकी गिरफ्तारी अभी तक भी नहीं की जा सकी।

## ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर भारत महिला विश्वकप के फाइनल में

**नवी मुम्बई (एजेंसी/चिंगारी)। जेमिमाह रॉड्रिग्स (नाबाद 127) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (89) बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने गुरुवार को एकदिवसीय महिला विश्वकप के दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को नौ गेंदे शेष रहते पांच विकेट से हराकर टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। जहां उसका मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। 339 रनों के लक्ष्य का पीछ करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 13 रन के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (10) का विकेट गंवा दिया। उन्हें किम गार्थ ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद 10वें ओवर में गार्थ ने स्मृति मंधाना (24) को भी अपना शिकार बना लिया। ऐसे संकट के समय जेमिमाह रॉड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर की जोड़ी ना केवल पारी को संभाला तेजी के साथ रन भी बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 167 रनों की साझेदारी हुई। 36वें ओवर में ऐनाबेल सदरलैंड ने हरमनप्रीत कौर को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। हरमनप्रीत कौर ने 88 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के लगाते हुए 89 रनों की बेहतरीन पारी खेली। 41वें ओवर में दीप्ति शर्मा 17 गेंदों में (24) चौथे विकेट के रूप में रनआउट हुई। 42वें ओवर की चौथी गेंद पर रॉड्रिग्स ने एक रन देकर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने इस दौरान 115 गेंदों में 10 चौके लगाये। 46वें ओवर में सदरलैंड ने ऋचा घोष 16 गेंदों में 26 रन को आउटकर भारत को बड़ा झटका दिया। ऋचा घोष ने अपनी पारी में दो चौके और दो छक्के लगाये। अमनजोत कौर ने 49वें ओवर की तीसरी गेंद पर चौका लगाकर भारत को पांच विकेट से जीत दिलाई। अमनजोत कौर ने आठ गेंदों में दो चौके लगाते हुए नाबाद 15 रन बनाये। जेमिमाह रॉड्रिग्स ने 134 गेंदों में 14 चौके लगाते हुए मैच विजयी नाबाद 127 रन बनाये।**

## तीन दिन बंद रहेगा चंदक रेलवे फाटक

**चंदक ( चिंगारी )। यहां नांगल मार्ग स्थित रेलवे फाटक मेंटेनेंस कार्य के चलते तीन दिन पूर्ण रूप से बंद रहेगा। रेलवे प्रशासन ने बताया कि समपार संख्या 495/ बी पर डाउन लाइन एवं अप लाइन पर आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किए जाने के कारण इस समपार से होकर गुजरने वाला सड़क यातायात कल 1 नवम्बर से 3 नवम्बर 2025 तक पूर्णतः बंद रहेगा। इस दौरान समपार ( फाटक ) संख्या 495/बी से होकर किसी भी प्रकार का वाहन आवागमन नहीं हो सकेगा। रेलवे ने यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे वैकल्पिक मार्ग के रूप में समपार संख्या 494/C ( पूंडरी मार्ग ) या अन्य उपलब्ध मार्गों का उपयोग करें।**

**आवश्यकता है**

हल्दौर में एक कुशल खाना बनाने वाले व्यक्ति की आवश्यकता है। (घरेलू कार्य के लिये)

सम्पर्क करें- 8191819148

**प्लॉट बिकाऊ**

बैराज रोड मेन रोड पर स्थित 1200 गज प्लॉट व्यंजन वाटिका के पास बिकाऊ है।

सम्पर्क करें- 9927129584, 9528202224

## ट्रेन के आगे कूद कर जान देने की कोशिश

### ड्राइवर की सूझबूझ से बची युवक की जान

**बिजनौर (चिंगारी)।** समीपवर्ती ग्राम गंगदासपुर के एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान देने की कोशिश की। ट्रेन चालक के ब्रेक लेने से युवक की जान बच गई। उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। ग्राम गंगदासपुर निवासी सुमित कुमार पुत्र सुनील कुमार की कल शाम परिवार के लोगों से किसी मामूली बात को लेकर कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद सुमित घर से बिना कुछ



बताये निकल गया था। परिजनों ने उसे तलाश किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। बताया जाता है कि युवक मानसिक रूप से बीमार है। शुक्रवार की सुबह वह बिजनौर से गुजर रही गजरौला पैसेंजर ट्रेन के सामने कूद गया। ट्रेन के लोको पायलट मुकेश कुमार ने मानवता का परिचय देते हुए ट्रेन रोक दी, जिससे सुमित की जान बच गई। मौके पर इकट्ठा हुई भीड़ ने मुकेश को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस मुकेश से पूछताछ कर रही है।

**Wanted**

Biology and Chemistry Teachers

Urgently at St. John's School (CBSE)

Nai Basti Bijnor

Contact with documents at the school office.

Mob. 9837801885, 9927979617

**आवश्यकता है**

डाटा एंट्री, रिपोर्ट तैयार करना और ऑनलाइन रिसर्च जैसे कार्य करने के लिए ऐसे युवक- युवतियों की आवश्यकता हैं, जिन्हें कंप्यूटर का अच्छा अनुभव व Microsoft E&cel, Word और Internet का अच्छा ज्ञान हो। मेहनती व अनुभवी तुरंत संपर्क

AY Enterprises Haldaur

Mob. 6396616047

Gents Specialist

Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat

CLASSIC TAILORS

9927060150

CLASSIC SHOES

CLASSIC Shoes

M: 9897041426

NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus

Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Now In Bijnor

Carrier | Midea

CARRIER MIDEA INDIA

(Air Conditioners)

For Trade Enquries called

Authorised Distributor

VINSUR PRODUCTS

Geeta Nagari, Bijnor 246701

Mob.: 9219690223

ATHER

दीपावली के शुभ अवसर पर

बिजनौर में खुल गया है

इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह

एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump

Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor

246701 Ph- 8192801901

गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।

खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

**भली लगे या बुरी...**

## एसआईआर और चुनाव सुधार-2

राजद व कांग्रेस का मानना था कि राहुल गांधी की बिहार में हुई जनादेश यात्रा के व्यापक प्रभाव होंगे, पर ऐसा नहीं लगता है कि 'इंडिया' इसे विधानसभा चुनाव में बड़ा मुद्दा बनाना चाहता है। उधर, भाजपा 'घुसपैठ' को मुद्दा बना कर बिहार के सीमांचल में कथित जनसंख्या संरचना परिवर्तन का लाभ उठाने का प्रयास कर रही है। भाजपा का कहना है कि असम, पश्चिम बंगाल व पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों के साथ ही बिहार के सीमांचल में बड़े पैमाने पर 'बांग्लादेशियों' की घुसपैठ हुई है जिसके परिणामस्वरूप पिछले कुछ सालों में यहां मुस्लिम जनसंख्या बहुत बढ़ी है। इसका नतीजा जनसंख्या संरचना में परिवर्तन के साथ ही मतदाता सूचियों में अवैध ढंग से मुस्लिम मतदाताओं के शामिल करने के रूप में सामने आया है। बिहार में एसआईआर में बड़े पैमाने पर ऐसे मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रस्तावित एसआईआर में पहले स्थान पर अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले राज्यों को शामिल किया जाएगा, जबकि बाकी राज्यों में यह बाद में होगी तथा स्थानीय निकाय चुनाव वाले राज्यों को भी फिलहाल इससे अलग रखा जाएगा। 2026 में असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन राज्यों में खासकर पश्चिम बंगाल भाजपा के निशाने पर है जहां वह येन-केन-प्रकारेण सालों से राज्य में जड़ें जमाए तृणमूल कांग्रेस को उखाड़ फेंकना चाहती है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि ममता बनर्जी ने बांग्लादेशियों को अवैध रूप से पश्चिम बंगाल में घुसपैठ करा कर मतदाता बनाने का कदम उठाया है ताकि उनका अल्पसंख्यक वोट बैंक मजबूत हो सके। इसके जवाब में ममता बनर्जी ने केन्द्र सरकार तथा खासकर गृह मंत्री अमित शाह पर आरोप लगाया है कि यदि घुसपैठ हुई है तो इसकी जिम्मेदारी राज्य के बजाय केन्द्र सरकार तथा सीमा पर कार्यरत सुरक्षा बलों की है। दिल्ली समेत देश के अनेक भागों में 'अवैध बांग्लादेशियों' की पहचान कर उनको गिरफ्तार करने की घटनायें मीडिया की सुर्खियों में लगातार बनी रही हैं। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि भाजपा राज्य सरकारें तथा केन्द्र सरकार गलत ढंग से बांग्ला बोलने वाले लोगों को 'बांग्लादेशी' बता कर उनका उत्पीड़न कर रही है। ममता बनर्जी ने बार-बार यह घोषणा भी की है कि वे राज्य में एसआईआर नहीं होने देंगी। ऐसे में आशंका है कि निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर की औपचारिक घोषणा के बाद पश्चिम बंगाल सरकार फिर से सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। चुनाव सुधार के दृष्टिकोण से देखें तो मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण एक उचित कदम है। समाप्त

# युद्धस्तर पर चल रही गंगा स्नान मेले की तैयारी, दिन-रात जुटे हुए हैं कर्मचारी



**गंज (चिंगारी)।** मां भागीरथी के तट पर तंबुओं का शहर बस गया है। गंगा स्नान मेले की तैयारियों युद्धस्तर पर की जा रही हैं। जिला पंचायत के अधिकारी व कर्मचारी अन्य विभागों के सहयोग से दिन-रात तैयारियों में लगे हैं।

कार्तिक मास की पूर्णिमा को गंगा स्नान मेले को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से करने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। जिसके लिए जिला प्रशासन व जिला पंचायत के अधिकारी, इंजीनियर कर्मचारी गण दिन-रात एक करके मेले की तैयारी को अंतिम रूप देने में लगे हैं। मेला स्थल तंबुओं के शहर का रूप लेने लगा है। गंगा किनारे सैकड़ों की संख्या में तंबू लग चुके हैं। जिनमें समुचित व्यवस्था की गई है। टेंटों में अलग से पक्के शौचालय भी बनाए गए हैं।

मेले में खेल तमाशे, झूले आदि भी लगने लगे हैं। मेले का उदघाटन 3 नवंबर को श्री सत्येंद्र सिसोदिया क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश द्वारा किया जायेगा। जिला प्रशासन ने 2 नवंबर से मेला सम्पन्न होने तक बिजनौर-चांदपुर मार्ग का रूट डायवर्जन करने की तैयारी कर ली है।

### वीआईपी के लिये अलग पार्किंग रहेगी

इस वर्ष मेले में अधिकारियों और वीआइपी के लिए अलग से पार्किंग स्थल बनाया जा रहा है। मेले के रास्तों की चौड़ाई भी इस बार बढ़ाई गई है। मेले में लाखों लोगों के आने की उम्मीद है।

### कटान रोकने को तटबंध बनाये

वही गंगा की तेज धारा होने के कारण स्नान करने के लिए बल्लियों द्वारा वेरीकेडिंग की जा रही है। गंगा से कटाव को रोकने के लिए मेला प्रशासन की ओर से गंगा में छोटे-छोटे तटबंध बनाए गए हैं ताकि गंगा की तेज धार किनारे को न काट सके।

### मेले पर तेंदुए का साया

**विदर कुटी के तहलटी में स्थित महात्मा विदुर बायोडायवर्सिटी पार्क में तेंदुआ जैसा बड़ा वन्य जीव होने की संभावना के कारण मेले में जगह-जगह तेंदुए से बचाव के साइन बोर्ड सूचनार्थ लगाए गए हैं।**

**(मेला स्थल से शशि भूषण शर्मा)**

# सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर पुलिस ने दौड़ लगाई

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)।** मंडावली पुलिस ने लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हुए थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह के नेतृत्व में 1500 मीटर की मैराथन दौड़ का आयोजन किया। उन्होंने इस मौके पर लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने के लिए सभी को प्रेरित किया। मैराथन दौड़ में ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, एसएसआई योगेंद्र सिंह, एसआई संजय कुमार, राहुल तेवतिया, देवपाल सिंह, महेश चन्द, कांस्टेबल इमरान, गौरव कुमार, सचिन, कपिल भाटी, गौरव कुमार, भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, अनुज चौधरी, सचिन देशवाल, नौबहार सिंह, संजीव कुमार, वरुण कौशिक, अनुज काकरान, कपिल राजपूत, सेंट मैरिस इंटर कॉलेज के अध्यापक द्विजेंद्र सिंह, मुकुल राठी, कॉलेज के छात्र-छात्राओं सहित क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मैराथन दौड़ मंडावली थाने से शुरू होकर मुख्य मार्गों से होते हुए थाने पर जाकर सम्पन्न हुई। दौड़ में भारत माता की जय, वंदे मातरम के उद्घोष गूंजे। दौड़ में शामिल लोगों का मंडावली में अमर शहीद अनिल फीलिंग पेट्रोल पंप पर पंप स्वामी गणेश सिंह रावत व भोपाल सिंह रावत ने कर्मचारियों के साथ स्वागत किया गया।



पुलिस के साथ मैराथन दौड़ में शामिल ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह।

# होटल परिसर में अजगर दिखने से मची अफरा-तफरी

## पुलिसकर्मी ने साहस दिखाते हुए किया रेस्क्यू

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)।** मंडावली थाना क्षेत्र के पूर्वी गंग नहर पटरी के समीप हिमालय होटल परिसर में अजगर दिखने से अफरा-तफरी मच गई। गश्त पर घूम रहे पुलिसकर्मी ने साहस दिखाते हुए रेस्क्यू कर अजगर को पकड़ लिया। मंडावली थाने में तैनात पुलिसकर्मी पंकज भार्गव ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे पूर्वी गंग नहर की पटरी पर ड्यूटी के दौरान वह गश्त कर रहे थे तभी वह होटल के समीप पहुंचे, तो लोगों की भीड़ लगी देखी। पुलिसकर्मी ने साहस दिखाते हुए करीब 10 फीट के अजगर को कपड़े के माध्यम से पकड़कर एक कट्टे में बंद कर दिया। अजगर की सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा वन विभाग ने अजगर को वन क्षेत्र में ले जाकर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया।



रेस्क्यू कर अजगर को पकड़कर ले जाता पुलिसकर्मी।

# मंदिर से कराया मुफ्त में शराब मिलने का ऐलान, पुलिस ने किया चालान

**किरतपुर (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम आलमपुर गंगा उर्फ गंगावाली टाकली के लोग उस समय हैरान रह गये, जब उन्होंने गांव के मंदिर से सरकारी ठेके से फ्री शराब मिलने का ऐलान सुना। इस संबंध में पुलिस ने गांव के एक व्यक्ति का शांति भंग की आशंका में चालान किया है। इस मामले का ऑडियो/वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

हुआ यूं कि गांव में स्थित शिव मंदिर से ऐलान किया गया कि 31 अक्टूबर को पास के गांव छितावर में स्थित सरकारी ठेके पर सुबह 10 बजे से 11 बजे तक मुफ्त शराब मिलेगी। इस ऐलान से गांव में हलचल हो गई। ऑडियो/वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर प्रशासन भी हरकत में आया। मंदिर के पुजारी धर्मवीर को थाने बुलाया गया। पुजारी ने बताया कि गांव के ही सचिन पुत्र भूरे ने यह ऐलान कराया था। इस पर पुलिस ने सचिन को हिरासत में लेकर उसका शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया। दरअसल, ग्राम पंचायत के चुनाव करीब हैं। भावी उम्मीदवार मतदाताओं को प्रभावित करने के लिये अभी से तरह-तरह के हथकण्डे अपनाने लगे हैं। इस मामले को भी ग्राम पंचायत के चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा हे। मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

# वोटर लिस्टों के एसआईआर की सभी तैयारियां मुकम्मल : डीएम

## बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे गणना प्रपत्रों का वितरण

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)के परिप्रेक्ष्य में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्यीय राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि यह पुनरीक्षण आयोग द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देशों और समय-सारणी के अनुसार आयोजित किया जायेगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि प्रदेश में इसके पहले विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण वर्ष 2003 में हुआ था। लगभग 22 वर्ष के अंतराल के बाद पुन: भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार की जा रही है। जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य 28 अक्टूबर, मंगलवार से शुरू हो गया है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार सर्वप्रथम 28 अक्टूबर से 03 नवम्बर तक विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित तैयारी, प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्रों का मुद्रण किया जायेगा। 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का मतदाताओं को वितरण किया जायेगा एवं प्रपत्रों को भरवाकर प्राप्त किया जायेगा। 9 दिसम्बर को आलेख्य मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। दावे और आपत्तियां दाखिल किये जाने की अवधि 9 दिसम्बर से 8 जनवरी, 2026 तक होगी। नोटिस जारी किये जाने, सुनवाई एवं सत्यापन व दावे और आपत्तियों का निस्तारण एवं गणना प्रपत्रों पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्णय किये जाने की अवधि 09 दिसम्बर, 2025 से 31 जनवरी, 2026 तक होगी। 07 फरवरी, 2026 को अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।



## जनपद में 2980 मतदेय स्थल

जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि किसी भी मतदेय स्थल पर 1200 से अधिक मतदाता न हों, इसके लिए मतदेय स्थलों के सत्यापन एवं सम्भाजन की प्रक्रिया भी इस दौरान पूर्ण की जायेगी। जनपद बिजनौर में 2980 मतदेय स्थल है। जनपद में 8 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, 32 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और 2980 बूथ लेवल अधिकारी कार्यरत हैं। इस अवसर पर उपजिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती वान्या सिंह, तहसीलदार बिजनौर, भाजपा से धीर सिंह, सपा से जाकिर हुसैन एवं अखलाक पप्पू, कांग्रेस से अनिल त्यागी, बसपा से मुहम्मद सिद्दीक सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# कर रही थी एएनएम की पढ़ाई, फांसी लगाकर जान गंवाई

## किराये के कमरे में पंखे से लटकी मिली

**धामपुर (चिंगारी)।** नगर की टीचर्स कॉलोनी में किराए के मकान में रहने वाली 26 वर्षीय एएनएम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

नूरपुर के मोहल्ला हजरत नगर निवासी नेहा शर्मा पुत्री विजय वीर शर्मा धामपुर की टीचर्स कॉलोनी में कृष्ण कुमार के मकान में किराए पर रहती थी। बताया जाता है कि वह ठाकुरद्वारा में किसी इंस्टीट्यूट से एएनएम की पढ़ाई कर रही थी और धामपुर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में एएनएम का कार्य करती थी। कृष्ण कुमार और उनकी पत्नी संतोष कुमारी ने बताया कि कल शाम लगभग 6:00 बजे वह कमरे पर आई थी। आज सुबह जब संतोष कुमारी फर्स्ट फ्लोर पर सफाई करने गई तो उन्होंने नेहा शर्मा का कमरा बंद पाया, जबकि वह प्रतिदिन सवेरे ही उठ जाती थी। उन्होंने दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई आवाज न आने पर खिड़की से झांक कर देखा तो नेहा पंखे से लटकी हुई थी, जिस पर उन्होंने परिजनों व पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंखे से लटकी हुई नेहा शर्मा को नीचे उतारा, तब तक उसकी सांसें थम चुकी थी। इसके बाद पुलिस ने फोरेंसिक टीम को भी बुलाया। पुलिस मृतका के शव को थाने ले आई और पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। नेहा शर्मा ने आत्महत्या क्यों की, यह अभी रहस्य बना हुआ है। मृतका के परिजन भी धामपुर पहुंच गए हैं।



घटना की जानकारी लेते हुए पुलिस।

# बिजनौर-गंज रोड पर 2 से 5 नवम्बर तक नहीं चलेंगे भारी वाहन

## गंगा स्नान मेले के दौरान लागू रहेगा ट्रैफिक रूट डायवर्जन

**बिजनौर (चिंगारी)।** कार्तिक गंगा स्नान मेला-2025 के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष रूट डायवर्जन प्लान लागू किया है। यह व्यवस्था 2 नवंबर से 5 नवंबर तक मेले की समाप्ति तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान गंज मार्ग पर भारी वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार मेले के दौरान दारानगर गंज मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान पुलिस और ट्रैफिक विभाग की संयुक्त टीमें लगातार निगरानी करेंगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। ट्रैफिक प्रभारी दरोगा रवि नैन ने बताया कि इन दिनों श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करने की अपील की है। यातायात नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।




### यह रहेगा रूट डायवर्जन प्लान

**बिजनौर से चांदपुर की ओर जाने वाले ट्रक, रोडवेज बसें और डीसीएम वाहन कृष्णा कॉलेज तिराहा से बिजनौर-नूरपुर रोड होते हुए अम्हेड़ा तिराहा (हल्दौर) से चांदपुर की ओर जाएंगे। चांदपुर से बिजनौर आने वाले भारी वाहन शुगर मिल तिराहा (चांदपुर) से अम्हेड़ा मार्ग होते हुए बिजनौर पहुंचेंगे। बिजनौर-दारानगर, गंज-चांदपुर मार्ग पर 2 नवंबर से 5 नवंबर तक सभी प्रकार के भारी वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। बिजनौर, मंडावर, बालावाली, लक्सर मार्ग पर 4 नवंबर की शाम 6 बजे से 5 नवंबर को गंगा स्नान समाप्ति तक ट्रक, डंपर और डीसीएम वाहनों का आवागमन रुका रहेगा। बिजनौर-गंगा बैराज मार्ग पर भी 4 नवंबर की शाम 6 बजे से 5 नवंबर तक भारी वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।**

# बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

**नांगल सोती (चिंगारी)।** स्थानीय सत्येन्द्र गोयल सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। डा. राहुल, डा. अखलाक, डा. अजीत कर्णवाल ने छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें स्वस्थ रहने के लिये जरूरी टिप्स दिये। बच्चों को दवाइयां एवं ब्रश भी वितरित किये गये। विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश अग्रवाल, गगन कर्णवाल, वीरेन्द्र शर्मा, शिक्षिकाओं रेनू, अंजलि, रिया, आकांशा, टीना, आरती का सहयोग रहा। प्रधानाचार्य रामपाल सिंह भाटी ने चिकित्सकों का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को सफाई रखने के लिये प्रेरित किया।



# सरदार पटेल की जयंती पर पुलिस ने किया रन फॉर यूनिटी का आयोजन



**धामपुर (चिंगारी)।** लौह पुरुष, भारत रत्न देश के पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर आज प्रात: पुलिस विभाग द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम धामपुर कोतवाली के मुख्य द्वार से प्रारंभ हुआ जो नगीना चौक, नेताजी सुभाष मार्ग होते हुए रोडवेज बस स्टैंड पहुंचकर संपन्न हुआ। रन फॉर यूनिटी में पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे, कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह, एस एस आई हरेंद्र कुमार, हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान मंडल प्रभारी डॉक्टर एनपी सिंह, पुलिस के रंग रूट, एनसीसी कैडेट शामिल रहे। रन फॉर यूनिटी में एम्बुलेंस व पुलिस की बाइक और गाड़ियां भी शामिल रही। इस दौरान इस मार्ग पर पड़ने वाले लिंक रोड पर पुलिस बल तैनात रहा। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने कहा कि आज सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती को एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस दौड़ का उद्देश्य जनता में एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को जागृत करते हुए भारत को मजबूत व शक्तिशाली राष्ट्र बनाना है। दौड़ में थाना धामपुर का समस्त फोर्स, पुलिस लाइन से रिक्रूट आरक्षी तथा एनसीसी कैडेट व जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

एनसीसी क्रेडिट को सम्मानित करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी

# गुलदार ने झपट्टा मारा, दहशत में है इलाका सारा

**किरतपुर (चिंगारी)। बाइक से पत्नी को स्कूल से लेने जा रहे गांव मेमन निवासी चरण सिंह को रास्ते में गुलदार ने झपट्टा मारकर घायल कर दिया। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। लोगों ने वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की है। दरअसल, गांव मेमन निवासी चरण सिंह कल रात सात बजे अपने घर से भनेड़ा जा रहा था। भनेड़ा के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में उसकी पत्नी खाना बनाती है। वह उसे लेने जा रहा था। भनेड़ा के पास रास्ते में अचानक से गुलदार सामने आ गया और उसने चरण सिंह पर झपटटा मार दिया। गुलदार के पंजों के निशान चरण सिंह के पैरों पर लगे। चरण सिंह ने हिम्मत दिखाई और बाइक तेज दौड़ा दी। जिससे उसकी जान बच गई। बाद में चरण सिंह ने सरकारी अस्पताल में आकर अपना उपचार कराया। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में कई गुलदार हैं। इससे पहले भी गुलदार लोगों पर हमला कर चुका है।**

# रन फॉर यूनिटी : कालागढ़ में हुई शानदार दौड़


कालागढ़ पुलिस के नेतृत्व में आयोजित रन फॉर यूनिटी में शामिल स्कूली बच्चे, स्थानीय नागरिक, शिक्षक व पुलिसकर्मी

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर कालागढ़ क्षेत्र में एकता, समरसता और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। कालागढ़ पुलिस के नेतृत्व में आयोजित रन फॉर यूनिटी में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों, शिक्षकों, पुलिसकर्मियों एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ कालागढ़ थाना परिसर से हुआ, जहां थाना अध्यक्ष संजीव ममगई ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात सभी प्रतिभागियों ने एकता ही हमारी शक्ति है और भारत माता की जय जैसे नारे लगाते हुए कालागढ़ डैम पर पहुंचकर एकता दौड़ निकाली। दौड़ में बच्चों का उत्साह देखने लायक था। हर कोई तिरंगा झंडा लहराते हुए कदमताल कर रहा था। दौड़ के समापन पर आयोजित सभा में कालागढ़ पुलिस प्रभारी ने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोने का जो महान कार्य किया है, वह हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने युवाओं और विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे समाज में एकता, सद्भाव और राष्ट्रीय अखंडता की भावना को सदैव जीवित रखें।

इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता संजय झा, थानाध्यक्ष संजीव ममगई, विधानसभा अध्यक्ष (उत्तराखंड) प्रतिनिधि योगेश सैनी, शंकर सिंघल, महेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष भाजपा कालागढ़ मीनाक्षी चौधरी, मंडल महामंत्री विभोर कुमार, नीलम चौहान, जसवंत सिंह, मेराज खान, पवन सिंघल, राजेंद्र सिंह, पत्रकार नितिन दिनेश कौशिक, प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मंदिर जगदीश सिंह, महेश जोशी, पवन ठेकेदार, आकाश ठेकेदार, परशुराम, राजेश्वर अग्रवाल, डॉ. मयंक, देवेंद्र शर्मा सहित सरस्वती विद्या मंदिर, ओम इंटर कॉलेज मुरलीवाला, सेंट मैरी भिक्कावाला स्कूल के सैकड़ों बच्चे शामिल रहे।

# डीएम ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का मासिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ईवीएम स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सील्ड तालों सहित ईवीएम सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया, सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं। तदोपरांत जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयर हाउस का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम के रख रखाव व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई और सुरक्षा के इंतजाम देखकर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती वान्या सिंह, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में भाजपा से धीर सिंह, बसपा से मुहम्मद सिद्दीक, कांग्रेस से अनिल त्यागी तथा सपा से अखलाक पप्पू मौजूद थे।

# ऐसी लगी होड़, सबने लगाई दौड़



**नूरपुर (चिंगारी)।** भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती को राष्ट्रीय एकता के रूप में मनाते हुए आज सुबह पुलिस विभाग द्वारा रन फ़ॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस अवसर आयोजित मैराथन दौड़ थाना परिसर से प्रारंभ होकर नगर के धामपुर चौक, बुध बाजार, शिव मंदिर चौक, मोहल्ला रामनगर से होते हुए थाने पर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर थानाध्यक्ष विकास कुमार तेवतिया ने कहा कि रन फ़ॉर यूनिटी मैराथन दौड़ का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र की एकता व अखंडता को बढ़ावा देना है। यह दौड़ सरदार वल्लभभाई पटेल की विरासत का सम्मान करने के लिए आयोजित की जाती है। इसका लक्ष्य लोगों में एकता, भाईचारा राष्ट्रीय एकजुटता की भावना को प्रोत्साहित करना है। मैराथन दौड़ में थानाध्यक्ष विकास कुमार तेवतिया, उपनिरीक्षक श्रीकांत सत्यार्थी व पुलिसकर्मियों के साथ आरआर पब्लिक स्कूल, रुट्स स्कूल व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र शामिल रहे।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर दौड़ लगाई




**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर शासनादेश का पालन करते हुए कोतवाली देहात पुलिस, मिलेनियम पब्लिक स्कूल, दयानंद इंटर कॉलेज के अध्यापकों, छात्र-छात्राओं, क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से रन फॉर यूनिटी दौड़ (सद्भावना दौड़) कार्यक्रम में भाग लेकर राष्ट्र की एकता, अखंडता की अलख जगाई।

रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय थाना कोतवाली देहात से प्रारम्भ किया। थाना प्रभारी प्रवेज कुमार के नेतृत्व में प्रातः 7 बजे प्रारंभ हुए कार्यक्रम में भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारों का उद्घोष किया गया।

नहटौर मार्ग पर 2 किलो मीटर, गांव पितनहेड़ी तक दौड़ लगाई गई। दौड़ में स्कूली छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर भाजपा नेता शिवकुमार कश्यप, सत्यकाम बिश्नोई, विद्यालय के अध्यापकों, छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया।

# रेडियो संदेश ने 'सेहत सही, लाभ कई' का संदेश दिया



**बिजनौर (चिंगारी)।** रेडियो सन्देश बिजनौर 89.6, द्वारा जानकीपुरम कॉलोनी नूरपुर रोड पर सुरेश शर्मा (सेवानिवृत्त एयर फोर्स) के आवास पर गणमान्य लोगों की मीटिंग का आयोजन किया, जिसमें रेडियो संदेश के कॉर्डिनेटर सुनील भारद्वाज ने रेडियो संदेश द्वारा प्रसारित होने वाले सभी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से बताया। रेडियो टीम सदस्य मनोज यादव ने रेडियो संदेश बिजनौर और स्मार्ट एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे स्वास्थ्य कार्यक्रम 'सेहत सही, लाभ कई' कार्यक्रम के बारे में बताया। इस अवसर पर जानकीपुरम कॉलोनी निवासी सुरेश शर्मा, तेजपाल सिंह, रमेश सिंह, आकाश तोमर, सोनू कुमार, हिना खान, मेफिस खान, डॉ. अशोक शर्मा आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री सुरेश शर्मा को स्मार्ट एनजीओ द्वारा एक रेडियो भी भेंट किया गया। रेडियो संदेश की ओर से सुनील भारद्वाज, मनोज यादव, शबाना बेग, डॉ. शबनम आदि उपस्थित रहे।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to: manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE: K-814, Noratan Building, Mata Chowk
Vasant Kunj New Delhi.


फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है!
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

# विकास के लिये विरोध भी स्वीकार्य- तपराज



**नांगल सोती (चिंगारी)।** ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने ग्राम शहजादपुर में एक सड़क का लोकार्पण करने के उपरान्त कहा कि यदि कोई विकास कार्य का विरोध करेगा, तो विकास के लिये वह विरोध भी स्वीकार्य है।

पिछले दिनों ग्राम शहजादपुर में सब्जी मंडी स्थल के समीप तथा ग्राम देवता की साइड में क्षेत्र पंचायत निधि से आरसीसी रोड का निर्माण कराया गया था। बृहस्पतिवार को उक्त सड़क का लोकार्पण ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल एवं ग्राम धारुवाला मंडावली निवासी वृद्ध अमर सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। लोकार्पण करने के पश्चात ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि उन्होंने अपने अब तक के कार्यकाल में ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य कराने का प्रयास किया है। उनका प्रयास आगे भी जारी रहेगा। पूर्व ग्राम प्रधान मानपाल सिंह, सहकारी समिति भागूवाला के सभापति एड. ब्रजराज सिंह देशवाल, अर्पण कुमार, विक्रांत चौधरी, प्रशांत चौधरी, राहुल हुड्डा, नीटू सिंह, कुलवीर सिंह, गार्विन चौधरी, सिंधुराज सिंह आदि मौजूद रहे।

# नगर क्षेत्र में कुओं को चिन्हित कर अवैध कब्जे हटाने को टीम गठित

**नहटौर (चिंगारी)।** नगर के सभी 25 वार्डों में पूर्व में संचालित कुओं को चिन्हित करने के लिए राजस्व विभाग व पालिका की टीम गठित की गयी है, जो कुओं पर से अवैध कब्जों को हटाएगी।

पूर्व में पेयजल व्यवस्था के लिए कुएं खुदवाये गये थे। उन पर पालिका द्वारा नालियों की सफाई के लिए कुओं का पानी इस्तेमाल किया जाता था। समय के साथ पेयजल व्यवस्था के तहत टंकी का निर्माण होने पर वार्डवासियों ने इन कुएं से पानी लेना बंद कर दिया था। पालिका द्वारा इन कुओं की देखरेख न होने पर यहां के लोगों ने उन पर अवैध कब्जा कर लिया। मौहल्ला धर्मशाला में स्थित कुएं में मोहल्लेवासियों ने कूड़ा डाल दिया। मौहल्ला जोशियान में नहटौर-धामपुर मार्ग पर स्थित कुएं को भी मोहल्लेवासियों ने कूड़ा डालकर बंद कर दिया। कई स्थानों पर लोगों ने खाली कुओं पर अवैध कब्जा कर लिया है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने बताया कि पालिका प्रशासन ने इन कुएं के संबंध में कार्य योजना बनाकर वार्डों में कुओं को चिन्हित करने के लिए एक टीम गठित की गई है, टीम में हल्का लेखपाल व पालिका की टीम को रखा गया है, जो मोहल्ले-मोहल्ले जाकर सभी कुओं को चिन्हित करेगी। उन पर अवैध कब्जा हटाया जायेगा।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों को आईडी कार्ड दिये




**बिजनौर (चिंगारी)।** मानवाधिकार वैलफेयर संगठन बिजनौर की ओर से डा. सलीम के क़ाज़ीपाड़ा स्थित आवास पर एक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन में नवनियुक्त मोहम्मद ताज़िर एवं रज़ी खान को उनके नियुक्ति पत्र व पहचान पत्र (आईडी कार्ड) प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मुस्तकीम अहमद, जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ मोहम्मद शाकिर, नगर अध्यक्ष डॉ. सलीम तथा नगर सचिव किरतपुर मेहमूद बेग सहित अन्य पदाधिकारियों को भी प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन के सभी सदस्य उपस्थित रहे और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए संगठन को और अधिक सक्रिय रूप से कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# नगीना देहात थाने में हुआ रन फॉर यूनिटी का आयोजन

## विशाल प्रथम, अर्पित द्वितीय, अनमोल रहे तीसरे स्थान पर



विजयी प्रतिभागी को प्रशस्ति-पत्र प्रदान करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक।

**रायपुर सादात (चिंगारी)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आज, शुक्रवार को सुबह 6 बजे नगीना देहात में 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश में एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना रहा। रन फॉर यूनिटी में स्कूली छात्र-छात्राओं, अध्यापकों, पुलिसकर्मियों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने देशभक्ति के नारों के साथ एकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत में नगीना देहात पुलिस द्वारा थाने के प्रांगण में सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में किए गए योगदान को याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

नगीना देहात पुलिस द्वारा 1100 मीटर की रैंक फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया, जो थाने के प्रारंभ से होकर रायपुर चौराहे पर समाप्त हुई, जिसमें क्षेत्र के आये हुए व्यक्ति क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया, जिनमें से प्रथम स्थान पर विशाल पुत्र लोकेंद्र सिंह निवासी रायपुर सादात, द्वितीय स्थान पर अर्पित पुत्र अर्जुन सिंह निवासी कोटकादर, जनपद बिजनौर, तृतीय स्थान पर अनमोल तोमर पुत्र मुनेंद्र तोमर निवासी हाजीपुर ने प्राप्त किया। प्रतिभागियों को थाना रायपुर सादात प्रांगण में प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र चौहान ने प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। उपनिरीक्षक बेनी सिंह, उपनिरीक्षक दीपक कुमार, उपनिरीक्षक नितेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक खेम सिंह ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

## सार संक्षिप्त

### अवाम से जो वादे किये थे, वो सब पूरे किये- तसव्वर

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** ग्राम पंचायत फजलाबाद परमानंदपुर उर्फ मानियावाला के प्रधानपति तसव्वर कुरैशी ने कहा कि उन्होंने चुनाव के दौरान जनता से जो वादे किए थे, वे पूरे किए गये हैं और कार्यकाल समाप्ति तक विकास कार्यों का सिलसिला जारी रहेगा। गत दिवस स्थानीय चिंगारी कार्यालय पर बातचीत के दौरान तसव्वर कुरैशी ने कहा कि उन्होंने गांव के बस स्टैंड से पंचायतघर की पुलिया तक इस चौड़े मार्ग पर सीसी रोड व दोनों ओर इंटरलॉकिंग लगवाकर गांव के मुख्य प्रवेश मार्ग को खूबसूरत बनाने का काम किया, वहीं दूसरी ओर यहां ग्राम पंचायत सचिवालय का निर्माण कराकर ग्रामीणों को सुविधा मुहैया कराई, जबकि गांव के तालाब के किनारे 70 मीटर लंबी दीवार बनवाकर ग्रामीणों को जलभराव की समस्या से भी निजात दिलाई गई। तसव्वर कुरैशी ने कहा कि गांव में दोनों ओर नालियों सहित कई जरूरी सीसी रोड बनवाने के साथ-साथ स्वच्छता अभियान के तहत आर.आर.सी सेंटर बनवाया और सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कार्य जारी है।



### स्काउट गाइड का तीन दिवसीय कार्यक्रम सम्पन्न



**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** दयानंद जनता इंटर कॉलेज हीमपुर दीपा में स्काउट एंड गाइड के द्वितीय सोपान का तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। स्काउट प्रभारी तेज प्रताप सिंह, गाइड प्रभारी अनीता के निर्देशन में जिला संगठन आयुक्त ऋतु रानी के द्वारा संपन्न कराया गया। ध्वज शिष्टाचार से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें गांठे बांधना, आग, कुकिंग, व्यायाम और मार्च फास्ट का अभ्यास कराया गया। दूसरे दिवस के कार्यक्रम में दिशा सूचक और प्राथमिक चिकित्सा अनुमान वाह्य क्रियाकलाप कराए गए। तीसरे दिन विद्यालय परिसर पर तंबू सजाए गए और छात्रों द्वारा स्वादिष्ट पकवान एवं व्यंजन पकाए गए। मालूम हो कि भारत स्काउट एंड गाइड के 19 वें राष्ट्रीय महाकुंभ आगामी 23 नवंबर से 29 तक लखनऊ के जंबूरी में आयोजित होगा, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। स्काउट प्रभारी तेज प्रताप सिंह के निर्देशन में विद्यालय के पांच स्काउट प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य योगेशपाल सिंह की उपस्थिति रही।

### आरबीडी कॉलेज में हुआ सूक्ष्म शिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**बिजनौर (चिंगारी)।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय के अध्यापक शिक्षा विज्ञान कार्यशाला के उद्देश्य में पांच दिवसीय सूक्ष्म शिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला आ उद्देश्य छात्राध्यापिकाओं को विभिन्न शिक्षण कौशलों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती स्वाति वीरा महाजन, महाविद्यालय प्राचार्या पारूल त्यागी, मुख्य वक्ता डॉ. निदा खान, बी.एड. विभागाध्यक्ष एवं कार्यशाला समन्वयक डॉ. सुरेश सिंह, एम.एड. विभागाध्यक्षा डॉ. नजमुनिशा ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। बी.एड. विभाग अध्यक्ष डॉ. सुरेश सिंह ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं छात्राओं का स्वागत करते हुए उनकी सक्रिय सहभागिता की सराहना की। मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित वर्धमान कॉलेज की असि. प्रो. डॉ. निदा खान ने माइक्रो टीचिंग के महत्व, सिद्धांतों एवं प्रक्रिया पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए सभी शिक्षक कौशलों को विस्तारपूर्वक समझाया। मुख्य अतिथि श्रीमती स्वाति वीरा ने अपने संबोधन में सभी छात्राओं को अच्छा शिक्षक बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अच्छे शिक्षक को हमेशा याद किया जाता है। महाविद्यालय पाचार्या प्रो. पारुल त्यागी ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज के समय में अच्छा शिक्षक वही है जो निरंतर अपने कौशलों को निखारता है। कार्यशाला के दूसरे सत्र में डॉ. नजमुनिशा ने छात्राओं को माइक्रो टीचिंग के सबसे महत्वपूर्ण कौशल उद्देश्यों को व्यावहारिक रूप में लिखना को विस्तारपूर्वक समझाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सारिका सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नजमुनिशा द्वारा किया गया।

# पटेल ने केवल नक्शा नहीं जोड़ा, दिलों को भी जोड़ा

**आज जिनकी जयंती है**



**आज हम सब एक ऐसे महापुरुष की 150वीं जयंती मना रहें हैं, जिन्होंने इस देश को राजनीतिक स्वतंत्रता के बाद वास्तविक एकता दी, जिन्हें कहा जाता है 'भारत के लौह पुरुष' सरदार वल्लभभाई पटेल।**

आज़ादी के बाद जब भारत ने पहली बार सांस ली तो हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती थी, एक बिखरे हुए देश को जोड़ने की। 562 रियासतें थीं। हर एक अपने अलग झंडे, अलग कानून, अलग हित लेकर खड़ी थीं। कहीं राजा नहीं छोड़ना चाहता था, कहीं निज़ाम आज़ादी का विरोध कर रहा था, कहीं विदेशी ताकतें अपनी पकड़ बनाए रखना चाहती थीं। ऐसे समय में एक व्यक्ति खड़ा हुआ। न गुस्से में, न घबराहट में, बल्कि दृढ़ संकल्प और अद्भुत कूटनीति के साथ। वह थे सरदार वल्लभभाई पटेल।

उन्होंने अपने अदम्य साहस, नीति और राष्ट्रभक्ति से इन बिखरी रियासतों को एक सूत्र में पिरो दिया। हैदराबाद और जूनागढ़ जैसे कठिन मामलों को जिस शांति और दृढ़ता से सुलझाया, वह आज भी प्रशासनिक कौशल का अद्भुत उदाहरण है। पटेल का मानना था 'राजनीतिक स्वतंत्रता तब तक अधूरी है, जब तक भारत भौगोलिक और मानसिक रूप से एक नहीं होता।' उन्होंने केवल नक्शा नहीं जोड़ा, उन्होंने दिलों को जोड़ा। उनकी एकता केवल सीमाओं की नहीं थी, वह भावना की एकता थी। आज जब हम 21वीं सदी के भारत में खड़े हैं तो कई बार ऐसा लगता है कि सरदार पटेल का वह संदेश आज पहले से भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। हमारा देश तेजी से विकास कर रहा है, लेकिन उसी गति से हमारी राष्ट्रीय एकता की परीक्षा भी हो रही है। सीमावर्ती राज्यों में कई बार स्थानीय राजनीति और क्षेत्रीय स्वार्थ राष्ट्रीय हित से ऊपर रखे जाने लगे हैं। कहीं घुसपैठियों को लेकर विवाद है। कहीं सीमा सुरक्षा पर राजनीति हो रही है। कुछ लोग वोट बैंक के लालच में देश की डेमोग्राफी को भी प्रभावित करने से नहीं हिचकते।

आज का सबसे बड़ा संकट यह है कि सरकार का विरोध करते-करते कुछ लोग जाने-अनजाने देश का विरोध करने लगते हैं। सरदार पटेल ने कहा था, 'राष्ट्र के प्रति निष्ठा सर्वोपरि है। व्यक्तिगत मतभेद उसके आगे बहुत छोटे हैं।' लेकिन आज राजनीति में अक्सर राष्ट्रहित और दलहित में फर्क मिट जाता है। विपक्ष होना लोकतंत्र की पहचान है, पर जब विरोध इस हद तक पहुंच जाए कि देश की प्रतिष्ठा, सुरक्षा और एकता को ही ठेस लगने लगे तो यह केवल राजनीति नहीं, राष्ट्रीय दुर्भाग्य बन जाता है। एकता केवल सीमाओं से नहीं, संस्कारों से बनती है। सरदार पटेल मानते थे कि एकता केवल नक्शे पर नहीं बनती, वह हमारे विचार, हमारे संस्कार और हमारे आचरण से बनती है। आज हमें फिर वही भावना अपनानी होगी। धर्म, भाषा, क्षेत्र या जाति के नाम पर फूट डालने वाले तत्वों से सावधान रहना होगा। अगर आज सरदार पटेल होते तो शायद वे कहते, 'भारत का मानचित्र एक बार मैंने जोड़ा था, अब भारत के मानचित्र को जोड़ना तुम सबकी जिम्मेदारी है।' वे हमें याद दिलाते हैं कि देश की सीमाएं तभी सुरक्षित हैं जब हमारे मनों की सीमाएं टूट जाएं। आज उनकी जयंती पर, हम सबको मिलकर यह संकल्प लेना चाहिए कि हम भारत की एकता और अखंडता को सर्वोपरि रखेंगे। जाति, धर्म, क्षेत्र या पार्टी से ऊपर उठकर राष्ट्र को प्राथमिकता देंगे और हर उस ताकत का विरोध करेंगे जो इस देश की एकता को तोड़ना चाहती है, क्योंकि सच्ची श्रद्धांजलि सरदार पटेल को फूलों से नहीं, बल्कि उनके सपनों के भारत को साकार करने से मिलेगी।



**-दीपेन्द्र सिंह चौहान**
धामपुर (बिजनौर)

## रन फॉर यूनिटी : एकता का संदेश लेकर दौड़े युवा



रन फॉर यूनिटी के तहत दौड़ लगाते युवा। दौड़ प्रतियोगिता के विजेता को सम्मानित करते

### रेहड़ पुलिस ने विजेताओं को सम्मानित किया

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर थाना रेहड़ पुलिस द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के कई कॉलेजों के छात्र-छात्राओं तथा पुलिस प्रशिक्षुओं आदि ने भाग लिया। बादीगढ़-केहरीपुर मार्ग पर सांई मंगल वाटिका से प्रारंभ हुई इस दौड़ को नवागत थानाध्यक्ष रेहड़ विजेंद्र सिंह राठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डेढ़ कि.मी. दूरी की यह दौड़ पुनः प्रारंभ स्थल पर आकर संपन्न हुई। निर्णायक मंडल द्वारा घोषित परिणाम के मुताबिक पुरुष वर्ग में अवनीश पुत्र उमेश, मोहित पुत्र लखपत एवं वरुण पुत्र धर्मपाल क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृत्तीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में कु. पूनम पुत्री तेजपाल सिंह, विनती पुत्री राजेंद्र कश्यप व अंजलि पुत्री कैलाश कश्यप ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसआई भीम सिंह, एसआई सोनू कुमार, मुख्य आरक्षी पुरुषोत्तम यादव, आरक्षी राजकुमार एवं कई महिला पुलिसकर्मियों सहित प्रधानपति नौबहार सिंह, जगदीश चौहान, ग्राम प्रधान राजेश रवि एवं शिक्षकों भूपेंद्र सिसोदिया व गजराज सिंह आदि उपस्थित रहे।

## खबरदार, होशियार! इलाके में घूम रहे हैं टाइगर व गुलदार

### इमरतपुर में वन विभाग ने पिंजरा लगाया

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** गुलदार के साथ-साथ अब क्षेत्र में आएदिन टाइगर के देखे जाने से लोगों में दहशत और बढ़ती जा रही है। रेहड़ क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर टाइगर देखे जाने से लोग भयभीत हैं। सूचना पर वन विभाग ने इमरतपुर में पिंजरा लगा दिया है। गुरुवार को जहां एक ओर रेहड़ बस स्टैंड के निकट नहर के आसपास खेतों में लोगों ने टाइगर को घूमते देखा और प्रत्यक्षदर्शियों ने मौके की वीडियो भी बनाई जिसे देख लोगों में दहशत बढ़ गई। उधर दूसरी ओर रेहड़ क्षेत्र के ग्राम इमरतपुर में आबादी से मात्र डेढ़-दो सौ मीटर की दूरी पर सुदन सिंह के गन्ने के खेत में टाइगर दिखाई दिए जाने की सूचना से ग्रामीण सहम गए। खेत पर पशुओं का चारा लेने गए विपिन कुमार सहित कई किसानों ने टाइगर को देखे जाने की सूचना ग्रामीणों को दी। टाइगर देखे जाने के स्थान से मात्र चंद मीटर की दूरी पर स्थित चौहान डेयरी फॉर्म के स्वामी इमरतपुर निवासी जितेंद्र चौहान ने बताया कि उन्होंने डीएम, डीएफओ व एसडीओ व रेंजर को इससे अवगत कराया। स्थानीय वनकर्मियों ने ड्रोन द्वारा वहां की सर्चिंग की। वन क्षेत्राधिकारी नगीना प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया कि संबंधित खेत के पास पिंजरा लगा दिया गया है, जिसमें बकरी बांध दी गई है और मौके पर अब्बास नईम व मुजीब आदि वनकर्मी पूरी नजर रखे हुए हैं। प्रदीप कुमार शर्मा ने ग्रामीणों विशेषकर किसानों से खेतों पर जाते समय सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

## शेख़ सुहेल, डॉ. अकरम व हाफ़िज अनवार के इंतकाल पर रंज़ोग़म का इज़हार

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** दो दिन पूर्व शेख मौ. सुहेल, हाफिज अनवार व डॉ. अकरम अली के इंतकाल पर इलाके में शोक व्याप्त है। कासमपुर गढ़ी में सीनियर रिपोर्टर एसएम असलम के ऑफिस पर आयोजित ताजियती मीटिंग में निहायत रंजोग़म का इजहार करते हुए मरहूमीन की मगफिरत के लिए दुआएं की गईं। ताजियती मीटिंग में एसएम असलम ने बताया कि उ.प्र. राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व चेयरमैन शेख सुलेमान एवं वरिष्ठ अधिवक्ता यासिर एड. के भाई 55 वर्षीय शेख मौ. सुहेल, कासमपुर गढ़ी की एक मस्जिद के इमाम-ओ-खतीब हाफिज मुबारिक हुसैन के साहिबजादे व दिल्ली में अपनी समाजी, अदबी व मजहबी खिदमात अंजाम दे रहे सीरवासुचंद निवासी मशहूर आलिम-ए-दीन मुफ्ती अफरोज आलम कासमी के भाई हाफिज अनवार एवं कासमपुर गढ़ी स्थित एशियन हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर मौ. फैज़ के वालिद नाबका निवासी डॉ. अकरम अली के इंतकाल से सामाजिक क्षति हुई है। इस ताजियती मिटिंग में कामिल खान, गुलफाम टेलर, मौ. शाद (दफ्तरी), कमर आलम, महबूब अहमद, शरीफ कस्सार, सिराजू ठेकेदार, मौ. आरिफ, एफ.आर. अंसारी. अजीम अहमद, हाफिज रईस, बब्बू सिद्दीकी, नईम अहमद वगैरा की मौजूदगी रही।



मौ. सुहेल, हाफिज अनवार व डॉ.अकरम के फाइल फोटो।

## जैसे ही झंडी दिखाई, सबने दौड़ लगाई



नगीना में थाने द्वारा आयोजित दौड़ प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

**नगीना (चिंगारी)।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में नगीना थाना कोतवाली के अंतर्गत दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुक्रवार की सुबह रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी के निर्देशन में महाराजा अग्रसेन द्वार से दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, डॉक्टर भूपेश चौहान, पूर्व नगर अध्यक्ष नीरज बिश्नोई, नगर महामंत्री पंडित सचिन शर्मा, मोहित गोयल, सीटू चौधरी, अब्दुल कय्यूम राईन की मौजूदगी में झंडी दिखाकर किया। दौड़ प्रतियोगिता में पुलिसकर्मियों के अलावा थाना अध्यक्ष अवनीत मान, पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी, प्रधानाचार्य महेश सिंह, भाजपा नेताओं, सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी हिस्सा लिया। दौड़ प्रतियोगिता का समापन गांधी मूर्ति पर हुआ, जहां विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता का समापन राष्ट्रगान से हुआ।

### ट्रेन की चपेट में आकर मौत

**नगीना (चिंगारी)।** ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान नगर के मोहल्ला लालसराय निवासी 39 वर्षीय राहुल सैनी के रूप में हुई है। घटना बृहस्पतिवार को दोपहर करीब सवा दो बजे नगीना-कोतवाली रेलवे फाटक से करीब 100 कदम की दूर पर डाउन लाइन की दिशा पर घटित हुई। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।

## मॉडर्न एरा स्कूल में इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता आयोजित




**नहटौर (चिंगारी)।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल नहटौर में अंतर विद्यालय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित हुई। स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कार राशि और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। बृहस्पतिवार को स्कूल में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित हुई। कक्षा तीन से पांच के वर्ग में प्रथम स्थान पर मॉडर्न एरा से देव तथा द्वितीय और तृतीय स्थान पर आर.आर.पी.एस. से पांशुल और हर्षित रहे। कक्षा 6 से 8 के वर्ग में प्रथम स्थान पर आर.आर.पी.एस. से लावण्या, द्वितीय स्थान पर मॉडर्न एरा से प्रियांश तथा तीसरे स्थान पर आर.आर. पी.एस. से बर्निया रही। कक्षा 9 से 12 के वर्ग में प्रथम और तृतीय स्थान पर साईं मिलेनियम से दक्ष और इच्छा तथा द्वितीय स्थान पर सेंट पीटर्स से जयंत भारती रहे। स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. सचिन चौधरी ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया इससे छात्रों की रणनीतिक सोच और खेल भावना के साथ बौद्धिक विकास को बढ़ावा देना है।

## चोरों ने दिखाये ऐसे तेवर, यूट्यूबर के घर से चुरायी नकदी व जेवर

**चांदपुर (चिंगारी)।** चोरों ने यू ट्यूबर के मकान से लाखों रुपए कीमत के आभूषण व साढ़े पांच लाखों रुपए की नकदी चोरी कर ली। यू ट्यूबर की पत्नी ने गांव के ही 4 लोगों पर चोरी करने का शक जताते हुए उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम सुल्तानपुर खादर निवासी नवीन कुमार पुत्र करतार सिंह यूं ट्यूबर है। अपनी पत्नी मीरा के साथ यूट्यूब के लिए वीडियो बनाने के लिए बाहर गए हुए थे। घर में नवीन कुमार की माता मुनेश देवी व दादी कमला देवी थी। दोनों सास-बहू नीचे वाले कमरे में सो रही थी। छत से घर में आये चोरों ने दुमंजिले पर स्थित कमरे की खिड़की तोड़कर सेफ में रखी साढ़े 5 लाख रुपए की नकदी व लाखों रुपए के आभूषण चोरी कर लिये। जिस कमरे में सास-बहू सो रही थी,उस कमरे की बाहर से कुंडी लगा दी थी। घर में चोरी होने की खबर मिलते ही यू ट्यूबर नवीन कुमार घर लौट आये तथा कमरे का ताला खोलकर देखा तो घर का सामान बिखरा हुआ था। नवीन कुमार ने थाने में दी गई तहरीर में गांव के ही चार व्यक्तियों पर चोरी करने का शक जताया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पश्चिम उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय
सांध्य दैनिक चिंगारी की
40 वीं वर्षगांठ
पर व्यापारियों, संपादक मंडल, संवाददाताओं, पाठकों व क्षेत्रवासियों को
शुभकामनाएं
मुकेश कुमार महेश्वरी
नगर अध्यक्ष
उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल
स्योहारा, बिजनौर



पश्चिम उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय सांध्य दैनिक
चिंगारी की 40 वीं वर्षगांठ
पर व्यापारियों, संपादक मंडल,संवाददाताओं, पाठकों व क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं
मनोज कुमार भटनागर
पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा
स्योहारा, बिजनौर
अध्यक्ष
सरस्वती विधा मंदिर स्योहारा
निवास - आर्यनगर स्योहारा



पश्चिम उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय सांध्य दैनिक
चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ
पर व्यापारियों, संपादक मंडल,संवाददाताओं, पाठकों व क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं
चंद कुमार विश्नोई
उर्फ चिंटू विश्नोई
अध्यक्ष
विश्व हिंदू परिषद स्योहारा
बिजनौर
प्रतिष्ठान- पब्लिक मेडिकल स्टोर, सरकारी अस्पताल के पास, स्योहारा, बिजनौर



# कुंभ पार्किंग में शराब की दुकान के विरोध में धरना जारी

## दुकान पर लगे ताले पर सील लगाई — पुलिस ने अपनी सुरक्षा में खुलवाई

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** खारास्रोत में अंग्रेजी शराब की दुकान को बंद करने को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा है जिसके चलते आंदोलनकारियों ने शराब की दुकान पर लगे ताले पर सील लगाकर बंद भी कर दिया था, भारी विरोध के बाद भी खारास्रोत कुंभ पार्किंग में स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान पुलिस प्रशासन की सुरक्षा में खोल दी गई। हालांकि शराब की दुकान के विरोध में धरना प्रदर्शन पांचवें दिन भी जारी रहा। धरना स्थाल पर आलम यह रहा है कि एक तरफ धरना चल रहा था, तो दूसरी तरफ शराब की दुकान में शराब की बिक्री हो रही है। उधर अनशन पर बैठे दो युवकों की तबीयत ठीक नहीं होने का हवाला देते हुए उन्हें पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने उठाकर एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया



जिसके बाद प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को हटाते हुए सुबह करीब दस बजे शराब की दुकान भी खुलवा दी। बाद में शराब की दुकान के नजदीक धरना शुरू कर दिया गया। मुनिकीरेती स्थित खारास्रोत में सुबह अंग्रेजी शराब की दुकान खुलने के बाद तनाव की स्थिति बनी रही, जिसके चलते हरिद्वार और देहरादून जिले से आबकारी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंच गई। जिस पर दुकान से करीब सौ मीटर दूर लोग दरी और गद्दे बिछाकर धरने पर बैठ गए। उन्होंने शराब की दुकान बंद कराने की मांग को दोहराते हुए जमकर प्रदर्शन किया। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए मौके पर भारी पुलिस फोर्स तैनात रही। पुलिस और आबकारी की टीम ने स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के आधार पर आंदोलनकारी संदीप भंडारी, राजन बिष्ट को एम्स में भर्ती कराया। लेकिन बाद में दोनों आंदोलनकारी धरना स्थल पर आ गये।

# उत्तम शुगर मिल ने पूजा के बाद 11 हजार कुंतल का इण्डेंट जारी किया



इन्डेंट पूजा में शामिल नरपत सिंह एवं अन्य मिल अधिकारी।

**3 नवम्बर से शुरू हो जाएगी क्रय केंद्रों पर तौल**

**नांगल सोती (चिंगारी)।** बृहस्पतिवार को उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर में विधि – विधान पूर्वक इन्डेंट निर्गमन पूजा कर गन्ना क्रय केन्द्रों पर 3 नवम्बर की तौल के लिये 11 हजार कुंतल का इन्डेण्ट जारी किया गया। मिल प्रशासन द्वारा बताया गया कि मिल संचालन हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। गन्ना चेन सहित सभी मशीनरियों की मरम्मत का कार्य अंतिम चरण में है। चीनी मिल 5 नवम्बर को 11.15 बजे अपने पेराई सत्र का श्रीगणेश करेगी। 3 नवंबर को क्रय केन्द्रों पर गन्ना तौल शुरू हो जायेगी। पं. अनुज शर्मा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्रथम गन्ना इन्डेण्ट निर्गमन पूजा सम्पन्न कराई गई। मिल के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर द्वारा 3 नवम्बर की तौल हेतु 11,000 कुंतल का इन्डेण्ट जारी किया गया। महाप्रबंधक (गन्ना) विकास पुंडीर ने बताया कि 5 नवम्बर को प्रात: 9 बजे से हवन, पूजन कार्य आरम्भ हो जायेगा। महाप्रबंधक (उत्पादन) अतुल कुमार, महाप्रबंधक (विद्युत) अनिल शर्मा, अपर महाप्रबंधक (गन्ना) कुलदीप सिंह, सहायक महाप्रबंधक (लेखा) अखिलेश गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक (गन्ना विकास) चांदवीर सिंह, अजय कुमार, डॉ. यशवीर सिंह, विनित शर्मा मौजूद रहे।

# दुर्घटना में पति की मौत, पत्नी घायल : बच्चा सकुशल बचा

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** रेहड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बादीगढ़–मानियावाला के बीच पुल के पास मोटरसाइकिल व ट्रैक्टर ट्राली की भीषण टक्कर में मोटर साइकिल चालक 35 वर्षीय गुरदीप सिंह पुत्र सतनाम सिंह निवासी भिक्कावाला तिराहा थाना अफजलगढ़ की मौत हो गई, जबकि बाइक पर पीछे बैठी उसकी पत्नी सरबजीत कौर गंभीर रूप से घायल हो गई। गनीमत रही कि सरबजीत कौर की गोद में बैठा उसका 5 वर्षीय पुत्र सुखदेव सिंह सकुशल बच गया। मृतक के भाई गुरमीत सिंह ने बताया कि गुरदीप अपनी पत्नी के कल उत्तराखंड स्थित किलाखेड़ा के पास बरवाला में अपनी मृतक सास की अंतिम अरदास/आरिष्टी में गया था।



मृतक के शव पर विलाप करते परिजन।

# धामपुर शुगर मिल पर आयकर विभाग की छापेमारी, तीसरे दिन भी जारी

## शुगर मिल में पसरा सन्नाटा, खंगाले जा रहे गोपनीय रिकॉर्ड

**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर शुगर मिल पर आयकर विभाग की कार्रवाई आज शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी रही। दिल्ली से आई आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम ने शुगर मिल सहित अन्य संस्थानों में पूरे दिन तलाशी अभियान चलाया। बताया जाता है कि आयकर विभाग की अलग–अलग टीमें शुगर मिल के वित्तीय रिकॉर्ड, कंप्यूटर डाटा और खातों से संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच कर रही हैं।

उल्लेखनीय है कि बुधवार की तड़के शुगर मिल में छापेमारी की कार्यवाही शुरू हुई थी, यह कार्रवाई अब भी जारी है।




डीएसएम के मुख्य गेट पर तैनात सीआईएसएफ के जवान।

बताया जा रहा है कि विभाग ने मिल प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों से लगातार पूछताछ की है जिनमें से कई अधिकारी अब भी जांच टीम की निगरानी में हैं। शुगर मिल प्रशासन के किसी भी अधिकारी को बाहर आने–जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। आयकर विभाग के अधिकारी वित्तीय लेनदेन, निवेश और कंपनियों के आपसी ट्रांसफर से जुड़ी जानकारियों को खंगाल रहे हैं।

गुरुवार की रात को भी मिल परिसर के कॉन्फ्रेंस हॉल में वरिष्ठ अधिकारियों से पूछताछ होती रही, किसी को भी घर जाने की अनुमति नहीं दी गई। यहां तक कि उनके मोबाइल फोन भी आयकर विभाग की टीम ने अपने पास रख लिए हैं ताकि किसी भी प्रकार की बाहरी सूचना का आदान–प्रदान न हो सके।

### पेराई-सत्र पर तो नहीं पड़ेगा असर?

**धामपुर शुगर मिल का गन्ना पेराई सत्र शुरू होने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 6 नवंबर को पेराई सत्र का शुभारंभ होना है। मिल गेट पर सुरक्षा कर्मियों की मौजूदगी सामान्य दिनों से अधिक देखी जा रही है। सुरक्षा अधिकारी स्वयं शुगर मिल में कार्यरत कर्मचारियों को परिचय पत्र दिखाने के बाद ही प्रवेश दे रहे हैं जबकि शुगर मिल के प्रशासनिक भवन में किसी की भी एंट्री नहीं है। वहीं, आसपास के बाजार और दुकानों पर सामान्य गतिविधियां जारी हैं। धामपुर नगर के व्यापारियों, गन्ना किसानों और स्थानीय नागरिकों के बीच चर्चा का विषय छापेमारी बनी हुई है। कई किसान अब यह जानना चाहते हैं कि क्या इस छापेमारी से मिल संचालन प्रक्रिया पर कोई असर पड़ेगा।**

# लौहपुरुष पटेल की जयंती पर हुआ रालोद की एकता यात्रा का समापन

**बिजनौर (चिंगारी)।** सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती पर राष्ट्रीय लोकदल की एकता यात्रा का समापन हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने एनडीए सरकार की अखंड भारत को लेकर किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि कर अर्पित की गई। सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई। विचार व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के प्रयासों से देश अखंड बना है। नगर पालिका परिषद नहटौर चेयरपर्सन पति मौ. जैद रशीद ने गन्ना मूल्य बढोत्तरी को एनडीए सरकार का ऐतिहासिक कदम बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक सुखबीर सिंह ने की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नरेंद्र आचार्य, चौधरी नागेंद्र सिंह, डॉ. नीरज चौधरी, आशु राणा, अली अदनान, मा. विजयपाल सिंह, शिवम राणा, महावीर सिंह, हरवीर सिंह, ब्रजवीर सिंह आदि उपस्थित रहें।




कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए नहटौर चेयरपर्सन पति मौहम्मद जैद।

# विधिक सेवा व सहायता केन्द्र का निरीक्षण किया

**कोटद्वार (चिंगारी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नाजिश कलीम द्वारा विधिक सेवा एवं सहायता केंद्र, जिला चिकित्सालय पौड़ी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने केंद्र पर आम जनमानस को प्रदान की जा रही विधिक सेवाओं, परामर्श एवं सहायता संबंधी सूचनाओं का अवलोकन भी किया। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर सचिव नाजिम कलीम द्वारा विधिक सेवा एवं सहायता केंद्र, जिला चिकित्सालय पौड़ी का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया कि प्रत्येक आगंतुक को विधिक सहायता योजनाओं, नि:शुल्क परामर्श सेवाओं एवं अधिकार संबंधी जानकारी सहज रूप से उपलब्ध हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जनता को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेने और उनका लाभ उठाने हेतु प्रोत्साहित किया।

# फरियादियों की समस्याओं पर त्वरित कार्य करें : पंवार

## नवनियुक्त एसएसपी ने ली विभागीय अधिकारियों की बैठक

**कोटद्वार (चिंगारी)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल अपराध नियंत्रण नहीं, बल्कि जनता में सुरक्षा तथा विश्वास की भावना स्थापित करना भी है। नवनियुक्त एसएसपी श्री पंवार गुरुवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद जनपद के राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों के साथ परिचयात्मक व समन्वय बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही की जाये, प्रत्येक पीड़ित के साथ मधुर व्यवहार पर सम्मानपूर्ण संवाद बनाएं। उन्होंने कहा अभद्रता किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पुलिसकर्मी संवेदनशीलता, अनुशासन हुआ पारदर्शिता बनाएं रखें और टीम भावना के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि पुलिस फील्ड में सक्रिय रहकर विजीबिलिटी बढ़ाये और पुलिस की सशक्त व संवेदनशील छवि प्रस्तुत करें। उन्होंने स्वराजपत्रित अधिकारियों व थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित अभियानों में पूर्ण निष्ठा व जिम्मेदारी से सहभागिता सुनिश्चित करें।



# छात्राओं को कानून के बारे में जानकारी दी

## नई बीएनएस धाराओं के बारे में बताया

**नहटौर (चिंगारी)।** अपराध कानून के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित गोष्ठी पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडे द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं एचएमआई इंटर कॉलेज में छात्र–छात्राओं को नये कानूनों की जानकारी दी गई। बृहस्पतिवार को आयोजित कार्यक्रम में स्थान पाने वाले छात्राओं को पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे, थाना अध्यक्ष धीरज नगर ने शील्ड एवं मेंडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को नये कानूनों के प्रमुख प्रावधानों, उनके उद्देश्य एवं आम जन के हित में लाए गए सुधारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा कानूनों के प्रति सजग रहने, अपने अधिकारों व कर्तव्यों को समझने तथा समाज में विधि के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में एचएमआई इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल सैयद बिलाल जैदी एवं बबीता रानी ने भी अपने विचार व्यक्त किये।



# लौह पुरुष की जयंती मनाई, निबंध प्रतियोगिता कराई

**खासपुरा (चिंगारी)।** देश की एकता और अखंडता के सूत्रधार देश के पहले उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती जनता शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल खासपुरा मे धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बच्चों में राष्ट्र निर्माण में योगदान देने और राष्ट्रीय समृद्धि के लिए सकारात्मक सोच पैदा करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 'सरदार पटेल एवं भारत की राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्र–छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने लेखन तथा भाषण के माध्यम से सरदार पटेल के योगदानों का वर्णन किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक गौरव कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य निर्देश शर्मा, शिल्पी शर्मा, देवेंदर प्रताप सिंह, निशा कौर, अजय पाल आदि उपस्थित रहे।

# 325 प्राणियों ने किया अमृतपान

**खासपुरा (चिंगारी)।** बृहस्पतिवार को गांव रहूनंगली स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में सिखों के नोवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस एवं श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी के बंदी छोड़ दिवस के उपलक्ष में राहूनंगली गुरुद्वारा कमेटी एवं श्री गुरु हरगोबिंद साहिब सेवा मिशन व संगत की ओर से अमृत संचार का आयोजन किया गया। सेवक जत्थे के सेवादार जसपाल सिंह रवि, निरंकार सिंह ने बताया कि इस अवसर पर 325 प्राणियों ने अमृत पान किया, और यह निष्काम सेवा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और श्री गुरु हरगोबिंद साहिब सेवा मिशन की ओर से थी। इस दौरान जसपाल सिंह ने कहा कि बिना अमृत पान के सिक्ख अधूरा है, हर सिक्ख का फर्ज बनता है कि वह अमृत पान करें और गुरु के बताए मार्ग पर चले। इस आयोजन में जसपाल सिंह रवि, निरंकार सिंह, अरविंदर सिंह राजन, मनजीत सिंह मोंटी, हरमीत सिंह, जीवन सिंह, तरनवीर सिंह, चरणजीत सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा। इस वर्ष 100वां गुरमत समागम गांव राहूनंगली में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और संगत के सहयोग से भव्य तरीके से मनाया जा रहा है जिसमें सिख पंथ के महान कीर्तनये संत बाबा अवतार सिंह, बाबा प्रताप सिंह बाजपुर वाले, बाबा बंता सिंह, हजूरी रागी जत्था भाई गुरमेल सिंह और बाबा गुरमुख सिंह आदि अपने विचारों से संगत को निहाल करेंगे, सेवादारों ने ज्यादा से ज्यादा संगत को पहुंचने की अपील की है।



# बड़ी मण्डी में अशोक स्तंभ पर मनाई गई पटेल जयंती



बड़ी मंडी स्थित अशोक स्तंभ पर कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारी।

**धामपुर (चिंगारी)।** आज मंडी युवा व्यापार संगठन एवं धामपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल द्वारा बड़ी मंडी में स्थापित अशोक स्तंभ पर सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती व्यापारियों एवं नागरिकों द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया जब हमारा भारत 1947 में आजाद हुआ, तब देश में 546 रियासत थीं, सबको सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी सूझबूझ से एक सूत्र में भारत में विलीन करने का कार्य किया। इसलिए उन्हें लौह पुरुष भी कहा जाता है। अजय कुमार पिंटू ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री थे। उनकी जयंती एकता दिवस के रूप में मनाई जाती है। इस मौके पर मनोज अग्रवाल, विपुल जैन, अजय कुमार पिंटू, पीयूष कुमार, आलोक कुमार, अमित कुमार, राजीव कुमार, विवेक कुमार, अनमोल कुमार, रोहित, दीपक कुमार, राकेश कुमार, टीकाराम, अशोक कुमार, विकास कुमार, व्यापारी व नागरिक उपस्थित रहे।

# ईगास की पूर्व संध्या पर हुआ 'गढ़ रक्षक महोत्सव' का आयोजन

## पंडवाज बैंड में वातावरण को बना दिया संगीतमय

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** हरिद्वार बाईपास मार्ग पर स्थित शहीद स्मारक पार्क अमित ग्राम में उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और लोक अस्मिता को समर्पित गढ़ सेवा संस्थान के तत्वावधान में ईगास बग्वाल की पूर्व संध्या पर 'गढ़ रक्षक महोत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ऋषिकेश विधायक डॉ. प्रेम चंद अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तराखंड सरकार में दायित्वधारी राज्य मंत्री वीरेंद्र दत्त सेमवाल, मेयर शंभू पासवान ने शिरकत की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध पंडवाज बैंड का लाइव कॉन्सर्ट रहा, जिसने अपने लोकगीतों और पहाड़ी धुनों से पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं देवी देवताओं की वंदना से हुआ। इस अवसर पर गढ़ सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने बताया कि 'गढ़ रक्षक महोत्सव' का उद्देश्य युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ना, लोक संस्कृति के संरक्षण को बढ़ावा देना तथा समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यरत प्रतिभाओं को सम्मानित करना है। विधायक डॉ. प्रेम चंद अग्रवाल ने कहा कि ईगास बग्वाल हमारी लोक पहचान का प्रतीक पर्व है। गढ़ सेवा संस्थान द्वारा इस आयोजन के माध्यम से संस्कृति और समाजसेवा के जो उत्कृष्ट प्रयास किए जा रहे हैं, वे प्रशंसनीय हैं। राज्य मंत्री वीरेंद्र दत्त सेमवाल ने कहा कि गढ़वाल की संस्कृति हमारी आत्मा में बसती है। यह आयोजन हमारे लोक जीवन की ऊर्जा का प्रतीक है। महोत्सव में स्थानीय स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों द्वारा लगाए गए पारंपरिक पहाड़ी व्यंजनों एवं उत्पादों के स्टॉलों ने लोगों को आकर्षित किया। संस्थान के पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि भविष्य में भी इस महोत्सव को और भव्य रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर मेयर शंभू पासवान, संस्था के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह राणा, उपाध्यक्ष राजवीर रावत, कोषाध्यक्ष अरुण बडोनी, सचिव गोपाल सती, निदेशक मनोज ध्यानी, दिनेश पयाल, सुमित पंवार, ताजेंद्र नेगी विजय रावत, कौशल बिजलवान, रोशन रंगाड़ नगर पंचायत अध्यक्ष लंबगांव, चंद्रमोहन पोखरियाल, मयंक भट्ट छात्रसंघ अध्यक्ष, कैलास सेमवाल आदि उपस्थित थे।



रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# पटेल जयंती एकता दिवस के रूप में मनाई, हजारों लोगों ने दौड़ लगाई

## जिला मुख्यालय पर हुआ भव्य 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन














**बिजनौर ( चिंगारी )।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर स्थानीय नेहरू स्टेडियम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' को जिलाधिकारी जसजीत कौर व एसपी अभिषेक झा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंत्री संजीव बालियान ने कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल ने अपनी दूरदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति से 560 से अधिक रियासतों को एकजुट कर अखंड भारत का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि 'रन फॉर यूनिटी' केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि एकता, अखंडता और राष्ट्रीय भावना के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। श्री बालियान ने उपस्थित जनसमूह का आह्वान करते हुए कहा- आइए! हम सब मिलकर 'रन फॉर यूनिटी' के माध्यम से सरदार पटेल के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लें। एक मजबूत व एकजुट राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दें।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के इतिहास में अनमोल रत्न के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को जब आजादी मिली, तब देश छोटे-छोटे राज्यों में बंटा हुआ था। हर एक राज्य अपने स्वतंत्र अस्तित्व के लिए प्रयासरत था। सरदार वल्लभभाई पटेल ही एकमात्र ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने सभी से वार्ता कर एकजुट होने का सफल प्रयास किया, जिसके परिणाम स्वरूप आज भारत अखंड रूप में स्थापित है।

इस अवसर पर स्कूली छात्र एवं छात्राओं द्वारा देश प्रेम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से भव्य प्रस्तुति पेश की गई।

इस अवसर पर आयोजित नेहरु स्टेडियम से शुरू हुई 'रन फॉर यूनिटी' का समापन विकास भवन के प्रांगण में हुआ, जहां सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर मुख्य अतिथि संजीव बालियान, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, विधायक सूचि चौधरी, चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह, डॉ. बीबरल सिंह, पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह, जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर श्रीमती रितु चौधरी, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुश्री लक्ष्मी देवी सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया व उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।


















लोकप्रिय सांध्य दैनिक **चिंगारी**
**की 40वीं वर्षगांठ**
पर समस्त जनपदवासियों को
**हार्दिक शुभकामनाएं**



**तपेन्द्र चौधरी**
**प्रबंधक**
हिमालय अकादमी
अकौंधा (चांदपुर)

लोकप्रिय सांध्य दैनिक **चिंगारी**
**की 40वीं वर्षगांठ**
पर समस्त जनपदवासियों को
**हार्दिक शुभकामनाएं**



**कुलदीप चौधरी**
ब्लॉक अध्यक्ष
उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ,
विकास क्षेत्र मोहम्मदपुर देवमल

लोकप्रिय सांध्य दैनिक **चिंगारी**
**की 40वीं वर्षगांठ**
पर समस्त जनपदवासियों को
**हार्दिक शुभकामनाएं**



**अरविंद चौधरी**
ब्लॉक अध्यक्ष
उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, विकास क्षेत्र मोहम्मदपुर देवमल

लोकप्रिय सांध्य दैनिक **चिंगारी**
**की 40वीं वर्षगांठ**
पर समस्त जनपदवासियों को
**हार्दिक शुभकामनाएं**



**राधे सिंह**
सभासद पति
नगर पालिका परिषद,
स्योहारा (बिजनौर)



लोकप्रिय सांध्य दैनिक
**चिंगारी**
**की 40वीं वर्षगांठ**
पर समस्त जनपदवासियों को
**हार्दिक शुभकामनाएं**





**जाकिर हुसैन**
जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी, बिजनौर

**एड. मदन लाल सैनी**
राष्ट्रीय अध्यक्ष भागीरथ सेना,
विशेष आमंत्रित सदस्य
समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश

लोकप्रिय सांध्य दैनिक
**चिंगारी**
**की 40वीं वर्षगांठ**
पर समस्त जनपदवासियों को
**हार्दिक शुभकामनाएं**



**भूपेन्द्र चौहान**
जिलाध्यक्ष



**प्रशांत सिंह**
जिला मंत्री

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ,
जनपद-बिजनौर

आप सभी को सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ एवं गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं

# बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE

## डा. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)





इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती

आने से पहले कॉल करें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

SUSHRUTA COLORECTAL CENTRE

## सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर